
**शुक्रवार**
14 अप्रैल 2023



**पृष्ठ 4**
**गर्मियों में पसीने की दुर्गंध दूर करने के लिए अपनाएं घरेलू नुस्खे**



**पृष्ठ 5**
**6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म बवाल**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 75
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

संसार में सर्वाधिक शक्ति युवावस्था और नारी के सौंदर्य में होती है।
— चाणक्य

# दून वैली मेल

**सांध्य दैनिक**
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# पूनिया दून आएंगे, कांग्रेसियों को समझाएंगे



**●कांग्रेसियों के अंतर्कलह सुलझाने पर होगा मंथन**
**●सभी बड़े नेताओं से करेंगे अलग अलग बात**

विशेष संवाददाता

देहरादून। लंबे समय से प्रदेश कांग्रेस के बड़े नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं उन्होंने एक दूसरे से इतनी दूरी बना रखी है कि महीनों तक मुलाकात और बात नहीं होती। एक दूसरे के कार्यक्रमों में वह शिरकत भी नहीं करते। वही कुछ नेताओं के भाजपा के संपर्क में होने या कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने की चर्चाएं भी आमतौर पर होती रही हैं। कांग्रेस की इस अंर्तकलह को समाप्त करने के लिए अब वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पीएल पूनिया को हाईकमान द्वारा पर्यवेक्षक बनाकर देहरादून भेजा जा रहा है वह कल 15 अप्रैल को दून आ रहे हैं और इस अंर्तकलह के कारणों को समझने तथा अंर्तकलह के शिकार नेताओं को समझाने का प्रयास करेंगे।

यह सर्वविदित है कि प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी किस कदर हावी है। पूर्व सीएम हरीश रावत से लेकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह तक सभी के अपने-अपने गुट हैं और अपने-अपने समर्थकों के साथ सभी गुट सालों से अपनी अलग-अलग खिचड़ी पका रहे हैं जिसके कारण पार्टी में न सिर्फ भगदड़ की स्थिति पैदा हो रही है अपितु कांग्रेस को एक के बाद एक चुनाव में हार का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन कांग्रेसी नेता अपने अपने वर्चस्व की जंग में मगरूर है। सर पर निकाय चुनाव के साथ-साथ लोकसभा चुनाव भी खड़े हैं लेकिन कांग्रेसी नेता चुनावी तैयारियों की बजाए एक दूसरे को हाशिए से बाहर धकेलने में लगे हुए हैं। अभी बीते दिनों कांग्रेसी नेता व पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़ ने नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए गढ़वाल की उपेक्षा का आरोप लगाया गया था। वही प्रीतम सिंह ने भी प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव की राजनीतिक योग्यता पर सवाल उठाते हुए यहां तक कह दिया था कि उन्हें राजनीति का क ख ग भी नहीं आता है और वह हमारे प्रभारी हैं। उन्होंने किसी अनुभवी नेता को प्रभारी बनाने की मांग की थी। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि पार्टी के बड़े नेताओं की इस तरह की बयानबाजी से पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता है। जिसके बारे में उन्होंने केंद्रीय नेताओं से वार्ता की थी जिस पर संज्ञान लेते हुए पीएल पूनिया को यहां भेजा जा रहा है वह सभी से मिलेंगे और बात करेंगे। देखना होगा कि पी एल पूनिया इन कांग्रेसी नेताओं को कितना समझा पाते हैं।

### बेहड़ ने सीएम धामी से की मुलाकात

देहरादून। इस बीच सोशल मीडिया पर एक फोटो भी वायरल हो रहा है जिसमें तिलक राज बेहड़ सीएम धामी से मुलाकात करते दिख रहे हैं खबर यह भी है कि वह इससे पूर्व गणेश जोशी, महेंद्र भट्ट और सांसद अजय भट्ट से भी मुलाकात कर चुके हैं। जिसके आधार पर ही यह भाजपा नेता कांग्रेस के कुछ नेताओं के भाजपा के संपर्क में होने का दावा करते रहे हैं।

# स्कूल संचालक के घर डकैती प्रकरण में पुलिस ने 5 बदमाशों को किया गिरफ्तार




संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्कूल संचालक के घर डकैती की घटना का खुलासा करते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गये जेवरात बरामद कर लिये। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए डीआईजी/एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि 11 अप्रैल 2023 को संदीप अग्रवाल पुत्र विनोद अग्रवाल निवासी नेहरू कॉलोनी ने सूचना दी गई कि दोपहर करीब बारह बजे चार बदमाशों द्वारा चाकू व तमंचे की नोक पर उनके घर में घुसकर उनकी माता सुनीता अग्रवाल, पिता विनोद अग्रवाल व बहन रश्मि अग्रवाल को डरा धमका कर उन्हें बंधक बनाते हुए उनसे सोने के जेवरात व नकदी लूट कर ले गए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती सरिता डोभाल के नेतृत्व में कुल 08 अलग-अलग टीमें गठित की गयी। गठित पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का गहनता से अवलोकन किया गया तो ज्ञात हुआ कि एक एक्टिवा व एक अपाचे

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# कोरोना ने बढ़ाई टेंशनः पिछले 24 घंटे में मिले कोविड-19 के 11,109 नए मामले

नई दिल्ली। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण 11,109 नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से इस बारे में जानकारी दी गई है। इसी के साथ देश में एक्टिव केस या उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 49622 हो गई है। यह लगातार पांचवां दिन है जब देश में कोरोना के मामले बढ़ते नजर आए हैं। इससे पहले गुरुवार को 10,158 कोरोना केस सामने आए थे। वहीं बुधवार को 7830 केस मिले थे।

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना से ठीक हो चुके मरीजों की संख्या बढ़कर अब 44216583 हो गई है। रिकवरी रेट अभी देश में 98.71 प्रतिशत है। वहीं 29 और मौतों से देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,31,064 हो चुकी है। देश में कोरोना से मृत्यु दर अभी 1.19 प्रतिशत है। देश में कल 2 लाख 21 हजार 725 कोरोना टेस्ट किए गए। कोविड मामलों की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि के बीच चिकित्सा विशेषज्ञों ने कहा है कि वायरस का नया वैरिएंट ताजा बढ़ रहे केसों के पीछे की अहम वजह हो सकता है। हालांकि, विशेषज्ञों के अनुसार घबराने की कोई जरूरत नहीं है और लोगों को कोविड से बचने के लिए निर्धारित गाइडलाइन का पालन करना चाहिए। साथ ही टीके के बूस्टर शॉट्स भी ले लेने चाहिए।

# पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर के पहले एम्स को राष्ट्र को समर्पित किया

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को असम में एम्स गुवाहाटी का उद्घाटन किया। एम्स गुवाहाटी की आधारशिला मई 2017 में पीएम मोदी ने रखी थी और इसे 1,120 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर के पहले एम्स को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने जनसभा को भी संबोधित किया और कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों पर जमकर बरसे।

पीएम मोदी ने कहा, ष्आजकल एक नई बीमारी देखने को मिल रही है। वो शिकायत करते हैं कि दशकों तक उन्होंने भी देश पर राज किया है, लेकिन उन्हें क्रेडिट क्यों नहीं मिला। क्रेडिट के भूखे लोगों और जनता पर राज करने की



भावना ने देश का बहुत अहित किया है। हम आपके सेवक होने की भावना से काम करते हैं, इसलिए नॉर्थ ईस्ट हमें दूर भी नहीं लगता और अपनेपन का भाव भी बना रहता है। आज नॉर्थ ईस्ट में लोगों ने विकास की बागडोर आगे बढ़कर खुद संभाल ली है। भारत के विकास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, षबिहू पर्व के पावन अवसर पर असम के, नॉर्थ-ईस्ट के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को आज एक नई ताकत मिली है। आज नॉर्थ-ईस्ट को अपना पहला एम्स मिला है और असम को तीन नए मेडिकल कॉलेज मिले हैं। हमने वोट बैंक के बजाय देश की जनता की मुश्किलों को कम करने पर फोकस किया। हमने लक्ष्य बनाया कि हमारी बहनों को इलाज के लिए दूर ना जाना पड़े। हमने तय किया कि किसी गरीब को, पैसे के अभाव में अपना इलाज ना टालना पड़े।

इससे पूर्व असम पहुंचने पर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी की।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## अपराध का अंत जरूरी

पूर्वांचल में आतंक का पर्याय बने माफिया नेता अतीक अहमद ने शायद यह कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उसके बेटे असद जिसे वह शेर कहता है उसे एक दिन उसके खौफ से कांपने वाली यूपी पुलिस इस तरह एनकाउंटर में ढेर कर देगी। अतीक के बेटे असद और उसके एक शूटर गुलाम को एनकाउंटर में मारे जाने की इस घटना ने राजनीति और समाज के उन सभी अपराधियों और सरगनाओं को यह संदेश जरूर दिया है कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी हो जाए एक दिन उसका अंत जरूर होता है। भले ही अभी इसे अतीक के अपराधों का अंत नहीं माना जा सकता है लेकिन उसकी शुरुआत जरूर कही जा सकती है। 49 दिन पूर्व प्रयागराज की गलियों में दिनदहाड़े उमेश पाल और उसके दो अंगरक्षकों को गोलियों से भून दिया गया उसके सीसीटीवी फुटेज पूरे देश ने देखे हैं इसलिए कोई भी देशवासी यह नहीं कह सकता है कि पुलिस ने बेगुनाहों को मार डाला असद और गुलाम को इन सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर गोलियां चलाते देखा जा सकता है। उमेश हत्याकांड के चार आरोपी अब तक पुलिस ने ढेर कर दिए हैं जबकि गुड्डू मुस्लिम सहित तीन आरोपी अभी भी अपनी जान बचाने के लिए भागे फिर रहे हैं। इसका क्या हश्र होगा अभी कोई नहीं जानता है हां इतना तय है कि वह या तो किसी मुठभेड़ में ढेर कर दिए जाएंगे या फिर उनकी पूरी जिंदगी सलाखों के पीछे कटेगी। अतीक अहमद और उसका भाई अशरफ अब अच्छी तरह से इस बात को समझ चुके हैं कि उनके गुनाहों का अब हिसाब किताब शुरू हो चुका है और अब अंतिम मुकाम तक पहुंच कर रहेगा। राजनीति और समाज में इस तरह के अपराधों और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए लेकिन यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि देश में अपराधियों के सामने शासन-प्रशासन नतमस्तक होता रहा है और राजनीति उन्हें शरण देती रही है। अगर ऐसा नहीं हुआ होता तो आज अतीक अहमद, अतीक अहमद नहीं बना होता। अपने भाई के साथ वह खुद तो जेल में है ही जहां से अब उसके जीवन पर्यंत बाहर आने की संभावनाएं समाप्त हो चुकी हैं वहीं उसके दो बेटे भी जेल में हैं तथा पत्नी के सिर पर भी 50 हजार का इनाम घोषित हो चुका है और वह फरार है। यही नहीं उसके नाते रिश्तेदार तक या तो हवालात में है या फिर जेल में है। आज अगर अतीक और उसका परिवार इस पर गौर करेगी सैकड़ों अपराधों और उस दबंगई जिसके कारण कोई उसके खिलाफ एक शब्द भी बोलने को तैयार नहीं होता था उससे उसे और उसके परिवार को क्या हासिल हुआ? राजनीति और समाज से अपराधियों का सफाया हो यह सभी चाहते हैं। देश के सुप्रीम कोर्ट से लेकर निर्वाचन आयोग तक कई दशकों से इस मुद्दे पर चिंतन मंथन कर रहे हैं लेकिन देश के नेता इस पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं होने देते हैं। अपराधियों को विधायक और सांसद बनाने का काम जिस दिन राजनीतिक दल बंद कर देंगे उसी दिन समस्या का आधा अंत हो जाएगा। अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण समाप्त होते ही फिर आधी समस्या का अंत पुलिस प्रशासन कर देगा।

## 26 को खुलेंगे श्री तुंगनाथ मन्दिर के कपाट

रुद्रप्रयाग (सं)। श्री केदारनाथ मन्दिर के कार्याधिकारी आर सी तिवारी ने बताया कि 26 अप्रैल को श्री तुंगनाथ मन्दिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये जायेंगे। आज यहां श्री केदारनाथ मन्दिर कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ज 2023 की यात्रा हेतु तृतीय केदार श्री तुंगनाथ मंदिर के कपाट 26 अप्रैल, 2023 को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ प्रातः 10 बजकर 50 मिनट पर खोल दिए जाएंगे। वैशाखी के अवसर पर भगवान श्री तुंगनाथ जी की शीतकालीन गद्दी स्थल श्री मक्कूमठ मंदिर में दस्तूरदार आचार्यों की उपस्थिति में कपाट खोलने की तिथि निश्चित की गई। श्री केदारनाथ मंदिर के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने अवगत कराया है कि श्री तुंगनाथ मंदिर की चल विग्रह डोली 24 अप्रैल, 2023 को श्री भूतनाथ मंदिर में रात्रि विश्राम करेगी। 25 अप्रैल को भगवान तुंगनाथ की उत्सव डोली भूतनाथ मंदिर से रात्रि विश्राम हेतु चोपता पहुंचेगी। 26 अप्रैल, 2023 को श्री तुंगनाथ भगवान की उत्सव डोली चोपता से प्रस्थान करेगी तथा इसी दिन 10 बजकर 50 मिनट पर मिथुन लग्न में आम दर्शन हेतु मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे।

*एकराळस्य भुवनस्य राजसि शचीपत इन्द्र विश्वाभिरूतिभिः।*
*माध्यंदिनस्य सवनस्य वृत्रहन्ननेद्य पिबा सोमस्य वज्रिवः॥*

(ऋग्वेद ८-३७-३)

परमेश्वर आप समस्त जगत के एकमात्र स्वामी हो। आप शत्रु विदारक हो, और सुरक्षा और समृद्धि के प्रदान करने वाले हो। हम अपने जीवन के मध्य अर्थात यौवन काल में भी आपको विस्मृत ना करें, और अपनी श्रद्धा का सोम आपको सदैव अर्पित करते रहें।

Supreme Lord, you are the sole master of the whole universe. You are the destroyer of enemies, and the giver of protection and prosperity. Let us not forget you even in the middle of our lives, that is, in our youth, and always offer the SOM of our devotion to you. (Rig Ved 8-37-3)

# श्रद्धा पूर्वक मनाई गई बैसाख महीने की संग्राद एवं खालसा साजना दिवस

संवाददाता




देहरादून। वैसाख महीने की संग्राद व खालसा साजना दिवस कथा-कीर्तन के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।

आज यहां गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार के तत्वावधान में वैसाख महीने की संग्राद व खालसा साजना दिवस कथा-कीर्तन के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। प्रातः नितनेम के पश्चात हजूरी रागी भाई चरणजीत सिंह ने आसा दी वार का शब्द 'अमृत का व्यापारी होवै किआ मदि छूछै भाउ धरे' का गायन किया एवं सेवक परिवार के द्वारा रखे गये श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग डाले गये स हजूरी रागी जत्था भाई गुरदयाल सिंह व भाई सतवंत सिंह जी ने 'अमृत पीआ सतगुरि दीआ अवरु न जाणा दूआ तीआ एवं खालसा मेरो रूप है खास खालसे मैहू करो निवास' का शब्द गायन किया मोहित नगर गुरद्वारे के प्रसिद्ध रागी भाई सुरजन सिंह ने 'तुही निसानी जीत की आजु तुही जगबीर' का शब्द गायन किया,कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे दरबार श्री अमृतसर साहिब जी के हजूरी रागी भाई सुखजीत सिंह कोहाडकडा ने 'अमृत पीवहु सदा जिर जीवहु हरि सिमरत अनद आनंता' का शब्द गायन किया। गुरुद्वारा साहिब जी के हैंड ग्रंथी ज्ञानी शमशेर सिंह ने कहा वैसाख के महीने में जो जीव परमेश्वर का नाम सिमरते है उनके लिए सुख भरा होता है पर जो प्रभु से दूर है उनका मन धीरज में नहीं आ सकता। वैसाखी वाले दिन 1699 को गुरु गोविंद सिंह जी ने अमृत तैयार करके पांच प्यारो को छका कर सिंह बनाया तथा गुरु साहिब जी ने आप पांच प्यारो से अमृत छककर गुरु गोविंद राये से गुरु गोविंद सिंह जी सजे ऐसा करके गुरु साहिब जी ने सभ जात -पात का भेदभाव खत्म किया। भाई शमशेर सिंह ने सरबत के भले के लिए अरदास की,सरदार गुरबख्श सिंह राजन व सरदार गुलजार सिंह द्वारा संगतों को वैसाख महीने की संग्राद व खालसा साजना दिवस की बधाई दी। मंच का संचालन करते हुए सेवा सिंह मठारु ने सभी को बैशाखी की वधाई देते हुए कहा कि हमें अमृत छक कर गुरु जी के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम के पश्चात संगत ने गुरु का लंगर व प्रशाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सरदार गुरबख्श सिंह राजन अध्यक्ष, सरदार गुलजार सिंह महासचिव, सरदार जगमिंदर सिंह छाबड़ा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सरदार चरणजीत सिंह उपाध्यक्ष,सरदार मंजीत सिंह, देवेंद्र सिंह भसीन,गुरप्रीत सिंह जौली, सरदार सतनाम सिंह, सरदार दविंदर पाल सिंह मोंटी, सरदार विजय पाल सिंह, सरदार कुलवंत सिंह, सरदार बाजिन्दर पाल सिंह, सरदार हरचरण सिंह, सरदार इंदरजीत सिंह , राजिंदर सिंह राजा जी आदि उपस्थित रहे।।

# माल्यार्पण कर मनाई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती

नगर संवाददाता



देहरादून। घण्टाघर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर आज कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं माल्यार्पण कर बाबा साहेब की जयन्ती मनायी गयी।

इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष कांग्रेस लालचन्द शर्मा ने कहा कि जाति व्यवस्था का दंश झेल चुके बाबा साहेब अंबेडकर ने समाज में हर तबके को समानता दिलाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। वह भारत देश के पहले कानून मंत्री बनाए गए। भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब अंबेडकर के अनमोल विचार आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं। उन्होने कहा कि अंबेडकर जयंती को समानता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर राजकुमार, सोमप्रकाश बाल्मीकि, दीप बोहरा, शिवकुमार, सुनील बांगा, अशोक कुमार, पुनित कुमार, सोमप्रकाश गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

देहरादून। बाबा साहिब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर भाजपा महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा ने उनको याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। आज भारतीय जनता पार्टी महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा यासमीन आलम खान के नेतृत्व में महानगर मंडल के पदाधिकारी सामूहिक रूप से बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा घंटाघर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने पहुंचे। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर जैन मंत्री गुरप्रीत सिंह कोषाध्यक्ष आमिर कुरेशी महानगर महामंत्री हाजी रईस अंसारी मंत्री अनस बैग मंडल अध्यक्ष अमित जैन इरशाद तौसीफ इस्माइल इशरत आदि कार्यकर्ताओं ने बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महानगर अध्यक्षा ने कहा के डॉक्टर अंबेडकर के जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी सभी के लिए प्रेरणा है उनके विचार महिलाओं और पुरुषों के बराबर अल्पसंख्यकों और गरीबों के अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए लिए प्रेरित करते हैं।

## शहीद दुर्गा मल्ल की प्रतिमा के सूचना पट में सभासद मनीष धीमान का प्रस्ताव होगा शामिल

नगर संवाददाता

देहरादून। डोईवाला के मुख्य चौक पर अमर शहीद दुर्गा मल्ल की प्रतिमा के साथ लगी सूचना पट पर सभासद मनीष कुमार धीमान का प्रस्ताव शामिल किया जायेगा। सभासद धीमान ने नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिये जाने पर सदन का आभार जताया है।



विदित हो कि डोईवाला नगर पालिका परिषद प्रशासन ने नगर मुख्य चौक पर अमर शहीद दुर्गा मल्ल की प्रतिमा स्थापित की थी। साथ ही इस बाबत पालिका प्रशासन द्वारा एक सूचना पट पर बोर्ड के प्रस्ताव का उल्लेख किया था जिसके उपरान्त वार्ड एक से सभासद मनीष कुमार धीमान ने इस बाबत अपना प्रस्ताव बोर्ड मीटिंग में पहले लाने के बावजूद सूचना पट में शामिल न करने का आरोप लगाते हुए उनके प्रस्ताव को सूचना पट में शामिल करने की मांग की थी।

सभासद मनीष कुमार धीमान द्वारा यह मुद्दा बुधवार को नगर पालिका की बोर्ड बैठक में भी उठाया गया जिस पर सदन में सर्व सम्मति से उनके प्रस्ताव को नगर मुख्य चौक पर स्थापित अमर शहीद दुर्गा मल्ल की प्रतिमा के साथ लगी सूचना पट में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। सभासद मनीष कुमार धीमान ने कहा कि उन्होंने नगर मुख्य चौक पर सबसे पहले अमर शहीद दुर्गा मल्ल की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा था किन्तु पालिका प्रशासन द्वारा सूचना पट में उनका प्रस्ताव शामिल नहीं किया था। इस मामले में पालिका की बोर्ड बैठक में उनके प्रस्ताव को सूचना पट पर शामिल करने का निर्णय लिये जाने क्षेत्र की जनता वास्तविकता से रुबरु हो सकेगी।

# सरकारी योजनाओं के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह पर गैंगस्टर की कार्यवाही

संवाददाता

हरिद्वार। भोले-भाले लोगों को सरकारी योजनाओं के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह पर पुलिस ने गैंगेस्टर के तहत कार्यवाही की।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भोले भाले लोगों को विभिन्न संस्थाओं के नाम पर प्रेरित कर उनसे ठगी करने वाले गैंग लीडर कृष्णकांत व उसीके परिवार के अन्य सदस्यों पर कार्यवाही करते हुए हरिद्वार पुलिस ने कोतवाली मंगलौर में धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। गैंग से जुड़े 04 सदस्य कृष्णकांत पुत्र विनोद निवासी नारसन खुर्द मंगलौर हाल निवासी जुर्स कंट्री ज्वालापुर हरिद्वार( गैंग लीडर),विनोद पुत्र कीरतु, राजेश पत्नी विनोद, डेविड पुत्र विनोद यह लोग इंटरनेशनल फाउंडेशन बनाकर भोले-भाले लोगों से स्वास्थ्य कार्ड, कन्यादान, पेंशन फीस, महिला शिक्षा, ईएसआर, शॉपिंग कार्ड जैसी विभिन्न योजनाओं के रजिस्ट्रेशन करवाने, दफ्तर खोलकर देने तथा उसमें कार्य करने और लोगों से रजिस्ट्रेशन कराकर पैसा जमा कर धनराशि अर्जित करने के उद्देश्य से लालच देकर संस्थाओं में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी कर पैसा वसूलने जैसे गंभीर आरोप हैं। जिसके संबंध में कोतवाली देवबंद, थाना नागल, थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर, कोतवाली रानीपुर, कोतवाली गंगनहर, कोतवाली मंगलौर व थाना बुग्गावाला में चारों के विरुद्ध धोखाधड़ी के मुकदमें दर्ज हैं।

# विक्रम की चपेट में आकर मां बेटी घायल

संवाददाता

देहरादून। विक्रम की चपेट में आकर मां बेटी के घायल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भागरीथी पुरम ऋषिकेश निवासी सुनीता अपनी पुत्री साक्षी के साथ बाजार से घर की तरफ जा रही थी जब वह दोनों श्यामपुर के पास पहुंचे तभी एक विक्रम चालक ने तेजी व लापरवाही से विक्रम चलाते हुए मां बेटी को टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिनको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस ने सुनीता के पति आजाद सिंह रावत की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कुत्ते व महिला के साथ मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। कुत्ते पर लाठी व पत्थरों से हमला करने का विरोध करने पर महिला के साथ भी मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जागृति एन्क्लेव निवासी असिता कुंदर ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका कुत्ता घर के बाहर बैठा था तभी वहां पर रहने वाले शर्मा अपने साथ दो अन्य लोगों के साथ वहां पर आया और उसके कुत्ते पर लाठी व पत्थरों से हमला कर उसको गम्भीर रूप से घायल कर दिया। उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ भी गाली गलौच करते हुए उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# दो दरोगाओं के तबादले शिशुपाल राणा बने क्लेमनटाउन थाना प्रभारी

संवाददाता

देहरादून। डीआईजी/एसएसपी ने दो दरागाओं के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर शिशुपाल राणा को क्लेमनटाउन थाना प्रभारी बनाया। यहां डीआईजी/एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने दो दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर शिशुपाल राणा को क्लेमनटाउन थाना प्रभारी बनाया वहीं पुलिस लाईन में तैनात दरोगा प्रदीप सिंह नेगी को रानीपोखरी थाना प्रभारी बनाया गया। दोनों को तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दिये।


**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# घर पर ऐसे बनाएं आईब्रो



चेहरे की सुंदरता को परफेक्ट बनाने के लिए आईब्रोज एक बड़ा रोल निभाते हैं। आईब्रोज न सिर्फ आंखों को शेप देती हैं बल्कि चेहरे के लुक को कंप्लीट करती है। कई लोगों को घर में आईब्रो बनाने से डर लगता है। उन्हें लगता है कि घर में आईब्रे को सेट करने से उसकी शेप पर असर पड़ सकता है। आइए आपको बताते हैं कुछ आसान से ट्रिक्स के बारे में जिनकी मदद से आप घर पर ही अपनी आईब्रोज को सेट कर सकते हैं।

आईब्रोज सेट करने से डरे नहीं

आपको बता दें कि घर में आईब्रोज सेट करने से पहले घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। हालांकि थोड़ी सावधानी बरतनी पड़ती है क्योंकि ये चेहरे की बात है। अगर आप बहुत ज्यादा कॉन्सियस होकर ये काम करेंगे तो गलतियां ज्यादा होंगी।

चेहरे को करें साफ

आईब्रोज को सेट करने से पहले चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। इसके बाद चेहरे पर क्रीम लगा लें ताकि आपको इस बात का सही अंदाजा लग सके कि आईब्रोज से कितने बाल निकालने हैं।

आईब्रोज ट्रिमर या प्लकर का करें इस्तेमाल

आईब्रोज को सेट करने के लिए आईब्रो ट्रिमर या प्लकर का इस्तेमाल करें। ट्रिमर से आईब्रो को ट्रिम करने पर त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान पहुंचने का डर नहीं रहता और सेटिंग भी अच्छे से होती है।

शेप को आउटलाइन करें

जो लोग पहली बार घर पर आईब्रोज बना रहे हैं, उन्हें पहले एक रफ आउटलाइन बना लेनी चाहिए जिससे कि उनकी आईब्रोज की शेप बिगड़े नहीं। आउटलाइन बना लेने से आप सही डायरेक्शन में ट्रिमर को चला पाएंगे और आईब्रोज को सेट कर पाएंगे।

# क्या आपको पता है बर्तन धोना हेल्थ के लिए है फायदेमंद?

कई लोगों को बर्तन धोना बिलकुल पसंद नहीं होता, वह बर्तन धोने के लिए घर पर मेड रखते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं अपने हाथों से बर्तन धोने से आपकी हेल्थ को कई तरह से फायदा पहुंच सकता है। बर्तनों को अपने हाथ से धोने से दिमाग के साथ-साथ बॉडी को भी हेल्दी रखने में मदद मिलती है। बर्तन धोने से स्ट्रेस भी काफी हद तर कम होता है। आपको बताते हैं कि ये कैसे आपके शरीर को फायदा पहुंचाता है।

तनाव करता है कम

एक स्टडी में पाया गया है कि हाथों से बर्तन धोने से दिमाग फ्रेश रहता है। आप उन कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं जो आप वर्तमान में कर रहे हैं। बर्तन धोने से तनाव कम होता है और इम्युनिटी सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग होता है।

एलर्जी से बचाता है

कुछ लोगों को बर्तनों से एलर्जी भी होती है। लेकिन अगर आप खुद के बर्तनों को धोते हैं तो इससे कई प्रकार की एलर्जी से बचा जा सकता है। एक स्टडी की मानें तो बर्तन धोने से एग्जिमा और अस्थमा की समस्या नहीं होगी।

रिलेशनशिप में सुधार

कहते हैं कि बर्तन धोने से रिश्तों का एक अलग कनेक्शन होता है। मान्यता है कि जो महिलाएं अच्छे से धो पाती हैं उनकी शादीशुदा जिंदगी बहुत अच्छे से कटती है। बर्तन अगर साफ तरीके से धोएं जाएं तो घर में खुशियां आती हैं।

सिखाता है जीवन कौशल

लोग आज भले ही अपने कपड़े मशीन में धोते हों लेकिन बर्तनों को आज भी हाथों से ही धोया जाता है। कहते हैं कि अच्छी तरह के बर्तन धोने से मनुष्य के कई प्रकार के गुण सामने आते हैं। अच्छे से बर्तन धोना आपको हर प्रकार की स्थिति से निपटना सिखाता है।

# मच्छर के काटने से बचने के लिए घर पर बनाएं मॉस्किटो स्प्रे

घर के अंदर और बाहर सबसे अधिक सताने वाले कीटों में से एक मच्छर हैं। इनके काटने से जीका वायरस, डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां फैलती हैं। हालांकि, बाजार में मच्छर मारने के लिए कई स्प्रे उपलब्ध हैं, लेकिन वह फेफड़ों को प्रभावित कर सकते हैं। इसके बजाय आपको मच्छर से बचने के लिए घर पर भी मॉस्किटो स्प्रे बनाना चाहिए। आइए आज हम आपको घर पर ही मॉस्किटो स्प्रे बनाने की प्रक्रिया बताते हैं।



नीम और नारियल तेल का स्प्रे : एंटीसेप्टिक और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर नीम में तेज गंध होती है, जो मच्छरों को दूर रखती है। वहीं नारियल के तेल में पाए जाने वाले फैटी एसिड मच्छरों को दूर भगाने में मददगार है। लाभ के लिए नीम के तेल को नारियल के तेल में मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे की बोतल में भर लें। इसके साथ ही उबला हुआ पानी और विच हेजल भी बोतल में डालकर मिश्रण को अच्छे से मिलाएं।

वेनिला, नींबू का रस और लैवेंडर ऑयल का स्प्रे: लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की महक हमारे लिए सुखदायक हो सकती है, लेकिन मच्छरों के लिए नहीं। इसमें लिनालूल, लिमोनेन, कपूर और नीलगिरी जैसे यौगिक मौजूद होते हैं, जो मच्छरों को दूर भगाते हैं। इसके अलावा नींबू की अम्लीय प्रकृति भी मच्छरों को दूर रखने में मदद करती है। लाभ के लिए लैवेंडर ऑयल में वेनिला एसेंस मिलाएं और फिर उसमें नींबू का रस और आसुत जल डालकर मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर इस्तेमाल करें।

सेब का सिरका और पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल का स्प्रे: आसपास के मच्छर भगाने के लिए सेब के सिरके की महक भी काफी प्रभावी है। यदि आप इसका नियमित रूप से सेवन करते हैं तो आपके शरीर की प्राकृतिक गंध बदल जाएगी, जो मच्छरों को दूर रखने में मदद करेगी। मॉस्किटो स्प्रे बनाने के लिए सेब के सिरके को थोड़े से पानी के साथ मिलाएं और फिर उसमें पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर आवश्यकतानुसार इस्तेमाल करें।

दालचीनी का तेल और पानी का स्प्रे: दालचीनी के तेल में यूजेनॉल, सिनामाइल एसीटेट, एनेथोल और सिनामाल्डिहाइड जैसे शक्तिशाली यौगिक मौजूद होते हैं। इस कारण यह मच्छर को मारने में मददगार है। ताइवान में हुए एक अध्ययन के अनुसार, दालचीनी का तेल मच्छरों के अंडों को मारने में प्रभावी रहा है। लाभ के लिए दालचीनी के तेल की लगभग 24 बूंदों को पानी में मिलाएं और फिर इसे एक स्प्रे बोतल में डाल दें। आप इसे अपने घर, पौधों, त्वचा और कपड़ों पर स्प्रे कर सकते हैं।

लेमनग्रास ऑयल और रोजमेरी ऑयल का स्प्रे: लेमनग्रास ऑयल में मौजूद लिमोनेन और सिट्रोनेला मच्छरों को दूर रखने में मदद करता है। दूसरी ओर रोजमेरी के तेल में लिमोनेन, कपूर और नीलगिरी होता है, जो हर्बल मच्छर भगाने का काम करते हैं। लाभ के लिए लेमनग्रास ऑयल को रोजमेरी ऑयल और जैतून के तेल के साथ मिलाएं। अंत में इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर इस्तेमाल करें।

# पीसीएस में चौथा रैंक पाने पर धस्माना ने दी आकांशा को बधाई

संवाददाता

देहरादून। उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा में चौथा रैंक पाने वाली दून की बिटिया आकांशा को कांग्रेस उपाध्यक्ष ने पौधा भेंट का शुभकामनाएं दी।

आज यहां उत्तराखंड की मेधावी बिटिया कैंट निवासी नरेन्द्र गुप्ता की सुपुत्री आकांशा को जिसने हाल ही में घोषित उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन की पीसीएस परीक्षा में चौथा रैंक हासिल किया। आज बधाई व शुभकामनाएं देने उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना व राजपुर के पूर्व विधायक राजकुमार उनके निवास पहुंचे धस्माना ने आकांशा को एक पौधा भेंट कर मिठाई खिलाई व श्रीमती प्रियंका धस्माना ने व पूर्व विधायक राजकुमार ने आकांशा को पुष्प गुच्छ दे कर बधाई व शुभकामनाएं दीं। धस्माना ने आकांशा की सफलता को उत्तराखंड को गौरवांवित करने वाला क्षण बताते हुए कहा कि देश के सबसे बड़े व दुनिया के छठे नंबर के प्रशाशनिक तंत्र वाले उत्तरप्रदेश की प्रशासनिक सेवाओं के लिए चौथी रैंक हासिल करना वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है जिसके लिए आकांशा की जी तोड़ मेहनत उनके माता पिता व परिवार के सभी बड़ों का आशीर्वाद व उनके ऊपर विशेष ईश्वरीय कृपा है। उन्होंने कहा कि जब किसी को बड़ी सफलता मिलती है तो उस व्यक्ति से अपेक्षाएं भी बढ़ जाती हैं इसलिए अब नई चुनौती सबकी अपेक्षाओं पर खरा उतर कर एक उदाहरण बनना है। धस्माना से जब आकांशा ने पूछा कि जीवन के लिए कोई मूल मंत्र बताइए तो धस्माना ने कहा कि वे हमेशा यह याद रखें कि ईमानदारी व मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता यही मंत्र दुनिया में बड़ी से बड़ी कठिनाई से पार करा सकता है। धस्माना के साथ उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर प्रियंका धस्माना, पूर्व विधायक राजकुमार के अलावा अनुज दत्त शर्मा, प्रवीण कश्यप, प्रियांश छाबड़ा ने भी आकांशा को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक सोनी हुए सम्मानित

संवाददाता

देहरादून। वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चन्द सोनी को क्षेत्र पंचायत सदस्य सरिता रावत ने सम्मानित किया।

आज यहां पर्यावरण संरक्षण के साथ छात्रहितों में समर्पित वृक्षमित्र के नाम से मशहूर पर्यावरणविद् डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी को क्षेत्र पंचायत सदस्य हटवाल गांव टिहरी गढ़वाल सरिता रावत ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बताते चले कि उन्हें यह प्रशस्ति पत्र भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को सफल संम्पन्न कराने में भावपूर्ण योगदान तथा छात्र छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित कराने व राष्ट्र की भावी पीढ़ी में सांस्कृतिक, नैतिक व राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने एवं विचार क्रांति अभियान को सफल बनाने में सहयोग के लिए शैलबाला पड्या प्रमुख अखिल विश्व गायत्री परिवार व गायत्रीतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा दिया गया है। यह कार्यक्रम मरोड़ा में हुआ। बीडीसी सदस्य सरिता रावत कहती है डॉ सोनी हमारे राजकीय इण्टर कालेज मरोड़ा (सकलाना) में प्रवक्ता भूगोल के पद पर कार्यरत हैं जब से वे यहां आए हैं क्षेत्र में उन्होंने पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए लोगो की भावना को उजागर किया है आज क्षेत्र में लोग अपनी बेटी बेटे की शादी में शगुन के तौर पर पौधा देते हैं और पौधारोपण करते हैं यह अलख वृक्षमित्र डॉ सोनी ने जलाई है। प्रधान मरोड़ा नीलम देवी कहती हैं डॉ सोनी शिक्षक के साथ समाज में जन चेतना फैलाने में एहम भूमिका निभाते हैं।पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा मुझे प्रकृति देवता ने छात्रहितों व पर्यावरण संरक्षण की दो जिम्मेदारी दी हैं जिसे मैं निभा रहा हूँ।

# सामान्य तथा बोर्ड की बैठक आयोजित

पिथौरागढ़ (कास)। जिला पंचायत पिथौरागढ़ की सामान्य तथा बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए जगत मर्तोलिया, सदस्य जिला पंचायत मुनस्यारी ने बताया कि मुनस्यारी में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। बैठक में पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ की लगातार अनुपस्थिति पर आंक्रोश व्यक्त किया गया। मुनस्यारी तथा धारचूला में प्राथमिक, जूनियर, माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों का मामला उठाते हुए कहा कि विण, मूनाकोट,कनालीछीना में तैनात अतिरिक्त शिक्षकों का चार्ट सार्वजनिक कर इन शिक्षकों को मुनस्यारी तथा धारचूला भेजने की मांग की। दो करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन मुनस्यारी पेयजल योजना पर अंतरिम निर्णय लिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जल निगम के अधीक्षण अभियंता ठेकेदार को बचाने का कार्य कर रही है। जिला अधिकारी रीना जोशी ने कहा कि वे इस मामले को गंभीरता से देखकर कठोर निर्णय लेंगी। मुनस्यारी तथा धारचूला विकास खंडों में नियुक्त एएनएम की तैनाती में की गई उपेक्षा पर गुस्से का इजहार किया। कहा कि नये एएनएमो को जिला मुख्यालय के आस पास तैनात सत्ताधारियों के दबाव में किया गया है। नये चिकित्सकों की तैनाती में भी ऐसा ही किया जा रहा है। उन्होंने तैनाती का चार्ट सार्वजनिक करने की मांग की, ताकि जनता को असलियत का पता चल सके। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सदस्यों के साथ रेखीय विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने की मांग रखी।

# गर्मियों में पसीने की दुर्गंध दूर करने के लिए अपनाएं घरेलू नुस्खे



गर्मियों के मौसम में त्वचा के पसीने पर मौजूद बैक्टीरिया के कारण शरीर से गंध आने लगती है। अक्सर यह गंध आपको दूसरों के सामने शर्मसार कर देती है। इससे छुटकारा पाने के लिए ज्यादातर लोग परफ्यूम का इस्तेमाल कर लेते हैं, लेकिन इसका असर कुछ ही समय के लिए होता है। आइए आज हम आपको शरीर की गंध दूर करने के लिए 5 असरदार प्राकृतिक और घरेलू उपचार बताते हैं।

सेब का सिरका

सेब का सिरका अम्लीय होता है और यह एंटी-माइक्रोबियल गुणों के लिए जाना जाता है। इस कारण यह बैक्टीरिया को नष्ट करता है और अंडरआर्म्स में पीएच स्तर को कम करता है। इसके अलावा यह शरीर के दुर्गंध को कम करता है क्योंकि यह पसीने के उत्पादन को भी कम देता है। लाभ के लिए सेब के सिरके में एक कॉटन बॉल डुबोएं और फिर इसे अपनी अंडरआर्म्स पर लगाएं। बेहतर परिणाम के लिए इसे दिन में 2 बार लगाएं।

बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा अंडरआर्म्स के पीएच स्तर को ठीक करके उन्हें ताजा और बैक्टीरिया से मुक्त रखता है। इस उपाय को करने के लिए अपने अंडरआर्म्स पर बेकिंग पाउडर को टैल्कम पाउडर की तरह थपथपाएं और कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके अलावा आप बेकिंग सोडा में पानी मिलाकर इसके पेस्ट को अंडरआर्म्स पर लगा सकते हैं और फिर इसके सूखने के बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें।

टमाटर का रस

टमाटर का रस एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-सेप्टिक गुणों से भरपूर होता है, जो इसे शरीर की दुर्गंध से छुटकारा पाने के लिए एक प्रभावी उपचार बनाता है। यह आपके अंडरआर्म्स में अत्यधिक पसीने के उत्पादन और संचय को नियंत्रित करता है। इसके साथ ही यह गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया और संक्रमण को भी मारता है। लाभ के लिए टमाटर के रस में एक कपड़ा भिगोकर अपने अंडरआर्म्स पर लगा लें।



नीम की पत्तियां

नीम आयुर्वेद में सबसे अधिक मांग वाली जड़ी-बूटियों में से एक है, जो कई स्वास्थ्य लाभों से भरपूर है। एंटी-सेप्टिक, एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर नीम शरीर की गंध को प्रभावी ढंग से दूर करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए 1 बड़ी चम्मच नीम की पत्तियों का पाउडर लें और फिर उसमें थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपने अंडरआर्म्स पर लगाएं और फिर सूखने के बाद इसे धो लें।

नींबू का रस

नींबू एंटी-सेप्टिक गुणों से भरपूर होता है, जो दुर्गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया के विकास को कम करने में मदद कर सकता है। यह गुण शरीर की दुर्गंध को दूर करने के लिए इसे एक उत्कृष्ट घटक बनाता है। लाभ के लिए आधा नींबू निचोड़ें और इसके रस को अपने अंडरआर्म्स पर मलें। इसके बाद जब नींबू का रस अवशोषित हो जाए तो फिर इसे पानी से धो लें। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -087


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 86 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

# रेड वाइन साड़ी के साथ अनुपमा अग्निहोत्री ने दिखाया खूबसूरती का जलवा

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री की ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। वहीं, उनकी रेड वाइन कलर की साड़ी में तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। रेड वाइन कलर की साड़ी में एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री बेहद ही कातिलाना अंदाज में नजर आ रही हैं। उनकी स्टनिंग तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। साड़ी में अनुपमा अग्निहोत्री अपनी कमर और डीपनेक ब्लाउज वाले स्टाइल को फ्लॉन्ट कर रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल के साथ एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री बेहद ही गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। गले में हार और कानों में ईयरिंस के साथ ही एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। अनुपमा अग्निहोत्री बिकिनी पहनने से कतई गुरेज नहीं करती हैं। उनकी बिकिनी में तस्वीरें देखकर किसी का भी पसीना छूट जाए। कर्वी फिगर और ग्लैमरस अंदाज देखकर हर कोई अनुपमा अग्निहोत्री का दीवाना बन जाए। सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव रहने वाली अनुपमा अपनी हॉट तस्वीरों को शेयर करती रहती है। मोनोकिनी आउटफिट में अनुपमा अपने फैंस के दिलों पर कहर ढा रही हैं। एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री ने बॉलीवुड में गोविंदा के साथ रंगीला राजा में नजर आई थीं।



# अकेली की शूटिंग के दौरान नुसरत भरुचा हुई घायल, शेयर की तस्वीर

बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरुचा वर्तमान में अपकमिंग थ्रिलर ड्रामा फिल्म अकेली की शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने सेट से एक फोटो शेयर की है, जिसमें शूटिंग के दौरान लगी चोट नजर आ रही है। अपने माथे पर घाव और खून के धब्बे के साथ, नुसरत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक फोटो साझा की और कैप्शन में लिखा- अकेली। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म प्रणय मेश्राम द्वारा निर्देशित है जो इस फील्ड में एक नए कलाकार भी हैं। इससे पहले वह क्रीन और कमांडो 3 जैसी फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं। अकेली के अलावा, नुसरत के पास छोरी 2 भी है।

# तनीषा मेहता ने अपने शो के लिए कभी खुशी कभी गम के लोकप्रिय दृश्यों को दोहराने पर बात की

'शुभ लाभ-आपके घर में' की अभिनेत्री तनीषा मेहता, जो शो 'लग जा गले' में ईशानी की भूमिका निभा रही हैं, ने 'कभी खुशी कभी गम' के सबसे लोकप्रिय दृश्यों को फिर से बनाने के बारे में बात की। इसमें अमिताभ बच्चन, जया बच्चन के लिए एक स्टूल खींचते हैं, जिस पर चढ़कर वह टाई बांधने में उनकी मदद करती हैं। 'लग जा गले' दिल्ली में रह रहे एक संपन्न, युवा होटल व्यवसायी जोड़े शिव (नामिक पॉल) और ईशानी (तनीषा मेहता) की कहानी है-जो अपने भाई-बहनों की खातिर शादी कर लेते हैं। हर दृश्य में जहां तनीषा को नामिक के सामने खड़ा होना होता है, उसे उसके कद के बराबर स्टूल की मदद लेनी पड़ती है। इस लोकप्रिय दृश्य को फिर से बनाने के बारे में बात करते हुए तनीषा ने कहा, शूटिंग के कुछ दिनों के भीतर नामिक और मैं एक-दूसरे के साथ वास्तव में अच्छी तरह से बंधने लगे और इससे वास्तव में हमें इन दृश्यों को पेश करने में मदद मिली। लेकिन सबसे बड़ी चिंता नामिक की ऊंचाई के कारण है। हर बार जब कोई शॉट होता है, जहां मैं उसके बगल में खड़ी होती हूं, तो मुझे एक स्टूल पर खड़ी होनी पड़ती है। उन दृश्यों के लिए जो क्लोज-अप शॉट्स नहीं हैं, मुझे पूरे सीक्रेंस में ऊंची एड़ी की जूती पहननी पड़ती है।

अभिनेत्री ने आगे कहा कि उनके साथ हर दृश्य की शूटिंग के दौरान उन्हें स्टूल की जरूरत होती है और इससे उन्हें फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' की याद आ गई।

उन्होंने कहा, पहले ही दिन जब हमने एक साथ शूटिंग की, मुझे नामिक के साथ एक स्टूल पर खड़े होकर एक सीन करने के लिए कहा गया और इसने मुझे जया और अमिताभ बच्चन के बीच कभी खुशी कभी गम के सबसे लोकप्रिय दृश्यों की याद दिला दी। तनीषा ने कहा, मेरा मानना है कि हमारी शूट लाइफ से इसकी समानता इतनी मिलती-जुलती है कि अब मैंने इसका आनंद लेना शुरू कर दिया है, क्योंकि मैं 'केउजी' की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमारी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को पसंद करेंगे और हमारे शो पर अपना प्यार बरसाएंगे। (आरएनएस)

# 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म बवाल



पिछले काफी समय से वरुण धवन और जान्हवी कपूर फिल्म बवाल को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए पहली बार वरुण और जान्हवी की जोड़ी दर्शकों के बीच आ रही है। फिल्म से जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है, जिससे इसे लेकर दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आई है। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी फिल्म।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर वरुण और जान्हवी की तस्वीर के साथ फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला और निर्देशक नितेश तिवारी की तस्वीर साझा कर लिखा, बवाल की नई रिलीज डेट जारी। यह 6 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बवाल पहले 7 अप्रैल, 2023 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिर इसकी रिलीज टाल दी गई। खुद फिल्म के निर्देशक ने बताया कि अभी इसका काफी काम बचा है, इसलिए रिलीज आगे बढ़ाई गई है।

वरुण ने भी सोशल मीडिया पर अपनी इस फिल्म की रिलीज की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, बवाल 6 अक्टूबर, 2023 को रिलीज हो रही है। पहली बार जाह्नवी मैम के साथ काम कर रहा हूं और राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी साजिद नाडियाडवाला और नितेश तिवारी सर की टीम का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। बवाल एक छोटे शहर के लड़के की कहानी है, जो वह शहर की सबसे खूबसूरत मानी जाने वाली लड़की से शादी करना चाहता है।

बवाल में खूब एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म को बेहतरीन बनाने के लिए स्टंट डायरेक्टर और स्टंटमैन को खासतौर पर जर्मनी से हायर किया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के एक्शन सीन को शूट करने में अनगिनत ग्रेनेड, चाकू और अलग-अलग तरह के विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। इसे शूट करने में 10 दिनों का समय लगा था और इसका बजट करीब 2.5 करोड़ रुपये था। बवाल को वरुण की सबसे महंगी फिल्म बताया जा रहा है। वरुण जाने-माने निर्देशक एटली की अगली फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इसके अलावा 1975 में आई फिल्म चुपके चुपके के रीमेक से भी वरुण का नाम जुड़ चुका है। हॉलीवुड सीरीज सिटाडेल के देसी वर्जन सिटाडेल इंडिया में भी वरुण मुख्य भूमिका में हैं। दूसरी तरफ जान्हवी को जल्द ही सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म एनटीआर 30 में देखा जाएगा। इसके अलावा मिस्टर और मिसेज माही, उलझ और दोस्ताना 2 भी उनकी आने वाली फिल्मों में शुमार हैं। (आरएनएस)

# जीत की फिल्म चेंगिज का हिंदी ट्रेलर आया सामने

बंगाली सिनेमा के अभिनेता जीत फिल्म चेंगिज को लेकर सुर्खियां में हैं। यह फिल्म 21 अप्रैल को रिलीज होगी।

अब सोमवार को निर्माताओं ने चेंगिज का हिंदी ट्रेलर जारी किया है, जिसमें जीत जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म बंगाली और हिंदी भाषा में रिलीज होगी। ऐसे में यह पहली बंगाली फिल्म होगी, जिसे साथ में हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। चेंगिज में शताफ फिगार, सुष्मिता चटर्जी और रोहित बोस रॉय भी प्रमुख भूमिका में हैं।

यह फिल्म 1970 से लेकर 1990 के दशक मध्य तक कोलकाता के अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। जीत ने इस फिल्म के लिए खुद को गैंगस्टर अवतार में बखूबी ढाला है और अपने किरदार को वास्तविक रूप दिया है। दर्शक बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म गोपाल मदनानी और अमित जुमरानी द्वारा निर्मित है, जबकि राजेश गांगुली ने इसका निर्देशन किया है। इस फिल्म को जीत फिल्म वर्क्स एसोसिएशन और एए फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है।

चेंज़ीज़ के रूप में जीत, एक धधकती बंदूकें, चाकू मारने वाला बदमाश या एक विरोधी नायक है, जो पूरी दुनिया में सबसे बड़ा अपराधी बनना चाहता है। वह सत्ता और धन के मोह में है। तीव्र एक्शन और फाइट सीक्वेंस, ज़बरदस्त बैकग्राउंड स्कोर और व्हिसल-योग्य संवादों के अलावा, अभिनेता सार्वभौमिक अपील के साथ इस रोमांचकारी सामूहिक मनोरंजन में एक पूरी तरह से अलग घातक लेकिन ठाठ अवतार में दिखाई दे रहे हैं।

# डबल रोल निभाना आसान नहीं: नामिक पॉल



लग जा गले के एक्टर नमिक पॉल ने शो में डबल रोल को निभाने के बारे में बात की और कहा कि एक ही समय में दो अलग-अलग व्यक्तित्वों का किरदार निभाना काफी दिलचस्प है। उन्होंने कहा: एक अभिनेता के रूप में, मुझे लगता है कि डबल रोल निभाना का एक शानदार अवसर है।

जहां मुझे अहंकारी और आत्मविश्वासी शिव का किरदार निभाना पसंद है, वहीं शमीर्ले अनिकेत का किरदार भी मजेदार है। उसकी बॉडी लैंग्वेज, बोलने का तरीका और खासतौर से ईशानी के प्रति उसका व्यवहार बहुत अलग है, और यह मुझे एक्सप्लोर करने और सुधार करने का कई मौका दे रहा है।

नमिक ने कुबूल है से अपने अभिनय की शुरूआत की, और एक दूजे के वास्ते, एक दीवाना था जैसे शो से लोकप्रियता हासिल की। एक्टर वर्तमान में लग जा गले में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत रूप से, लग जा गले के लिए दो किरदार निभाना मजेदार रहा है, हालांकि, मैं अभी भी एक किरदार से दूसरे किरदार में बदलने की कला में महारत हासिल कर रहा हूं, यह देखते हुए कि वे एक-दूसरे के बहुत विपरीत हैं, यह आसान नहीं है।

दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित, लग जा गले सेल्फ-मेड होटल बिजनेसमैन शिव (नामिक पॉल) और एक मेहनती लड़की ईशानी (तनीषा मेहता) की कहानी है, और कैसे परिस्थितियों के कारण उन्हें शादी करने के लिए मजबूर किया जाता है। लग जा गले जी टीवी पर प्रसारित होता है। (आरएनएस)

# सीबीआई : और ज्यादा मिलें अधिकार

एस.एम खान

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन-सीबीआई) ने इस वर्ष एक अप्रैल को अपनी स्थापना के साठ वर्ष पूरे होने पर हीरक जयंती मनाया।

सीबीआई की स्थापना एक अप्रैल, 1963 को भारत सरकार के प्रस्ताव संख्या 3/31/61-टी/एमएचए के जरिए की गई थी और दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 1963 से इसे वैधानिक शक्तियां मिली थीं। अपनी स्थापना के बाद से ही सीबीआई चर्चा में रही है। इसने अपने कामकाज से आमजन का विश्वास अर्जित किया है, और अब तक अपने अस्तित्वकाल में इस संगठन को अच्छे-खराब दौर से भी गुजरना पड़ा है।

सीबीआई का केंद्रीय पुलिस एजेंसी के रूप में गठन किया गया था, जिसे सार्वजनिक सेवकों के भ्रष्टाचार, केंद्रीय वित्तीय कानूनों की उल्लंघना, आर्थिक धोखेबाजी और आतंकवादी अपराध समेत गंभीर किस्म के खास तरह के अपराधों की जांच का जिम्मा सौंपा गया था। राज्य सरकारों की सहमति के उपरांत केंद्रीय मंत्रिमंडल में पारित एक प्रस्ताव के जरिए सीबीआई का न्यायाधिकार क्षेत्र विभिन्न राज्यों तक विस्तारित किया गया। लेकिन आज तक सीबीआई को अपनी वैधानिक स्थिति की मजबूती के लिए किसी अखिल भारतीय विधान का संबल नहीं मिल सका है। स्थिति यह है कि यह संस्था भ्रष्टाचार और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के खिलाफ कदाचार के अन्य मामलों की जांच के लिए जरूरी वैधानिक प्राधिकार देने वाले वैधानिक संबल से वंचित है।

यही कारण है कि भ्रष्टाचार निरोधक कानून, भारतीय अपराध संहिता और अन्य कानूनों के तहत जांच के लिए आज भी इसे राज्य सरकारों से अनुमति मिलने या न मिलने की स्थिति का सामना करना पड़ता है। कई राज्यों ने तो किसी जांच के अधबीच में ही सीबीआई को दी गई जांच की अपनी सहमति को रोक कर सीबीआई की जांच में अवरोध खड़े कर दिए। आज की तारीख में आठ राज्यों-छत्तीसगढ़, केरल, पश्चिम बंगाल, झारखंड, मेघालय, मिजोरम, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना-अपने यहां सीबीआई को कार्य करने से रोका। इनमें से अधिकांश राज्य विपक्ष शासित हैं। अनेक बार संसद में बिल लाकर चर्चा की जा चुकी हैं ताकि सीबीआई को अखिल भारतीय स्तर पर कामकाज करने में किसी की अनुमति लेने की दरकार न रहे लेकिन ऐसा न हो सका। तमाम कारणों में एक बड़ा कारण यह रहा कि अनेक राज्यों ने इस प्रयास का यह कह कर विरोध किया कि इस प्रकार की कवायद भारत के संघीय ढांचे के विरुद्ध होगी क्योंकि कानून व्यवस्था, जिसमें मामलों की जांच भी शामिल है, राज्यों का विषय है। अभी केंद्र में राजग सरकार शासन में है, और अनेक राज्यों में भी उसकी सरकारें हैं, इसलिए अच्छा समय है कि सीबीआई को अखिल भारतीय स्तर पर अधिकारों से प्राधिकृत किया जाए। यह तथ्य बहुतों को पता नहीं होगा कि 2013 में सीबीआई को गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में ऐसा संगठन घोषित कर दिया था जिसके पास कोई वैधानिक अनुमोदन नहीं है। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर स्थगनादेश पारित करके स्थिति को संभाला था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के स्थगनादेश के तहत सीबीआई कामकाज कर रहा है।

अपनी स्थापना के बाद से ही सीबीआई का राजनेताओं के साथ खट्टा-मीठा संबंध रहा है। हमेशा मांग की जाती है कि किसी मामले की सीबीआई जांच कराई जाए लेकिन वही राजनेता जब स्वयं सीबीआई जांच के घेरे में आ जाता है, तो जांच की आलोचना करते हुए अन्य मामलों में सीबीआई जांच की मांग करने लग पड़ता है। बहरहाल, सीबीआई ने अपने पेशेवर कामकाज से लोगों का दिल जीता है। अपनी सक्षमता का अहसास कराया है, और निष्पक्ष जांच के लिए आज देश के नागरिक इस एजेंसी पर विश्वास करते हैं। न केवल नागरिकों, बल्कि सरकार, न्यायपालिका, विधायिका, मीडिया का भी इस एजेंसी में पूरा विश्वास जब-तब झलक पड़ता है। लेकिन राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों में इसे निशाने पर लिए जाने की प्रवृत्ति भी देखने को मिलती है। हमेशा से इसे सत्ताधारी राजनीतिक पार्टी के टूल के रूप में आलोचना का शिकार बनाया जाता है। आरोप लगाए जाते हैं कि सत्ताधारी राजनीतिक पार्टी अपने विरोधियों का इस एजेंसी के जरिए उत्पीड़न कर रही है।

ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि सीबीआई सत्ताधारियों या उनके करीबियों के साथ अलग तरह से व्यवहार करती है, और राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों में इसका व्यवहार निष्पक्ष नहीं होता। सीबीआई में प्रतिष्ठित पुलिस अधिकारी शामिल होते हैं, और ऐसे कामकाजी मुद्दे हैं, जो इसके स्वतंत्र कामकाज को अवरोधित किए रहते हैं और इस संगठन को इसके लिए पूरी तरह केंद्र सरकार और राज्य सरकारों पर निर्भर रहना पड़ता है। सीबीआई भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार मंत्रालय से जुड़ा कार्यालय भर है। इस कारण प्रशासनिक और वित्तीय मामलों में इसे केंद्र सरकार की स्वीकृति की दरकार रहती है। हालांकि यह विशुद्ध जांच एजेंसी है, और अपराध संहिता के प्रावधानों के तहत कार्य करती है, और अदालतों के प्रति जवाबदेह होती है, लेकिन इसके बावजूद मामलों की जांच के समय और जांच की गति को लेकर जब-तब सवालों से घिर जाती है। जांच के समय को लेकर बेशक, इसे घेरा जाता हो लेकिन वैधानिकता या कानूनी प्रक्रिया के तहत इसकी जांच पर उंगली नहीं उठाई जा सकती। लोग कहने लगे हैं कि सीबीआई जांच को तेज या मद्धिम करके राजनीतिक गठजोड़ किए जाते हैं।

सार्वजनिक हित में जरूरी है कि सीबीआई को अखिल भारतीय न्यायाधिकार प्रदान किया जाए। अपने परिचालन में इसे राज्य सरकारों की मंजूरी की दरकार नहीं रहने दी जाए। नेशनल इंवेस्टिगेशन एंड एन्फोर्समेंट डायरेक्टर तक को ऑल इंडिया ज्यूरिडिक्शन प्रदान कर दिया गया है, और उसे राज्य सरकारों की मंजूरी की जरूरत नहीं होती।

मामलों की निष्पक्ष जांच के मद्देनजर निष्पक्ष जांच एजेंसी के रूप में सीबीआई की क्षमता का लाभ उठाया जाना चाहिए। केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ लोगों का दायित्व है कि सीबीआई को पेशेवर तरीके से दायित्व निवर्हन में कारगर बनाएं क्योंकि यह सार्वजनिक हित में है कि किसी मामले को निष्पक्ष जांच के बाद उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाए।

## बेहद खूबसूरत हैं ईशा रिखी, बोल्डनेस में भी बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस को देती हैं मात

रैपर बादशाह और पंजाबी इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस ईशा रिखी की शादी की खबरें इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चाएं बटौर रही हैं। हालांकि बादशाह ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए फैंस को बताया की ये महज अफवाह है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ईशा रिखी की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं जिसमें उनकी हॉटनेस के आगे बॉलीवुड की अभिनेत्रियां भी फेल हैं। पंजाबी इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस ईशा रिखी इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने ग्लैमरस लुक्स के कारण लाइमलाइट में हैं। हाल ही में उनकी कुछ लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट में फोटोज इंटरनेट पर तहलका मचा रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस के आगे बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी हसीनाएं भी फेल हैं। उनका हर अंदाज फैंस के बीच ट्रेंड करता हैं। ईशा आए दिन अपनी हॉट और सिजलिंग तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी अच्छी-खासी है और वो इंस्टाग्राम पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को पंजाब के चंदीगढ़ में हुआ था। ईशा के परिवार में उनकी मां एक भाई और एक बहन हैं। जब एक्ट्रेस छोटी थी तब ही उनके पिता का देहांत हो गया था। एक्ट्रेस की स्कूलिंग चंदीगढ़ के शिशु निकेतन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से हुई है। उन्होंने अपनी बैचलर डिग्री चंदीगढ़ के पंजाब विश्वविद्यालय से हासिल की है। ईशा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2013 में सिप्पी गिल, सांवल गिल, ओम पुरी स्टारर मूवी जट्ट बॉयज पुट जट्टन दे से सिल्वर स्क्रीन पर की थी।

## सू- दोकू क्र.087

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 86 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# मध्यप्रदेश ने जीआई का परचम लहराया

मध्यप्रदेश का सुप्रसिद्ध शरबती गेंहू अब देश की बौद्धिक संपदा में सम्मिलित हो गया है। कृषि उत्पाद श्रेणी में शरबती गेंहू सहित रीवा के सुंदरजा आम को हाल ही में जीआई रजिस्ट्री द्वारा पंजीकृत किया गया है। खाद्य सामग्री श्रेणी में मुरैना गजक ने जीआई टैग प्राप्त किया है। हस्तशिल्प श्रेणी में प्रदेश की गोंड पेंटिंग, ग्वालियर के हस्तनिर्मित कालीन, डिंडोरी के लोहशिल्प, जबलपुर के पत्थर शिल्प, वारासिवनी की हैंडलूम साड़ी तथा उज्जैन के बटिक प्रिंट्स को भी जीआई टैग प्राप्त हुआ है।

शरबती गेंहू सीहोर और विदिशा जिलों में उगाई जाने वाली गेंहू की एक क्षेत्रीय किस्म है जिसके दानों में सुनहरी चमक होती है। इस गेंहू की चपाती में फाइबर, प्रोटीन और विटामिन बी और ई प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। शरबती गेंहू को आवेदन क्रमांक 699 के संदर्भ में जीआई टैग जारी किया गया है।

रीवा का सुंदरजा आम अपनी अनूठी सुगंध और स्वाद के लिए राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। कम चीनी और अधिक विटामिन ई की वजह से यह आम मधुमेह रोगियों के लिए भी हितकारी होता है। सुंदरजा आम को आवेदन क्रमांक 707 के संदर्भ में जीआई टैग प्राप्त हुआ है।

मुरैना की गजक को आवेदन क्रमांक 681 के संदर्भ में जीआई टैग जारी किया गया है। गुड़ या चीनी और तिल के मिश्रण से बनी इस पारंपरिक मिठाई का 100 वर्षों से अधिक का इतिहास रहा है।

जीआई आवेदन क्रमांक 701 के संदर्भ में मध्य प्रदेश की गोंड पेंटिंग को पंजीकृत किया गया है। मानव के प्रकृति के साथ जुड़ाव दर्शाने वाली इस जनजातीय चित्रकला की प्रथा गोंड जनजाति में प्रचलित है जिसे विभिन्न उत्सवों और अवसरों पर बनाया जाता है।

ग्वालियर के हस्तनिर्मित कालीन को जीआई आवेदन क्रमांक 708 के संदर्भ में पंजीकृत किया गया है। इस कालीन बुनाई में चमकीले रंगों का उपयोग कर पशु, पक्षी और जंगल के दृश्यों का रूपांकन किया जाता है। ये कालीन ऊनी, सूती और रेशम आधारित होते हैं।

डिंडोरी के अगरिया समुदाय के लोहशिल्प को आवेदन क्रमांक 697 के संदर्भ में जीआई टैग प्राप्त हुआ है। इस शिल्प में लोहे को गरम कर और पीट-पीटकर वांछित मोटाई और आकार के पारंपरिक औजार और सजावटी वस्तुएं बनाई जाती हैं।

जबलपुर का पत्थरशिल्प भेड़ाघाट में मिलने वाले संगमरमर पर केंद्रित है। इस हस्तशिल्प में भगवान की मूर्तियां, नक्काशीदार पैनल, सजावटी वस्तुएं और बर्तन बनाए जाते हैं। इस हस्तशिल्प का निर्यात मुख्यत फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और अमरीका में किया जाता है। इसे आवेदन क्रमांक 710 के संदर्भ में पंजीकृत किया गया है।

बालाघाट के वारासिवनी में बनने वाली हैंडलूम साड़ीयों को आवेदन क्रमांक 709 के संदर्भ में जीआई टैग प्राप्त हुआ है। धारियों और चैक के जटिल पैटर्न में बनाए जाने वाली ये हल्की और महीन साड़ीयां अपनी सादगी की लिए जानी जाती हैं। सोलह हाथ की साड़ी सर्वाधिक लोकप्रिय है जिसमें प्रत्येक ताना धागा 16 बाना धागों पर बुनाया जाता है।

उज्जैन की प्राचीनतम कला बटीक प्रिंट को आवेदन क्रमांक 700 के संदर्भ में जीआई टैग प्राप्त हुआ है। बटिक शिल्पकार डाई की प्रक्रिया में मोम का प्रयोग कर कलात्मक पैटर्न और मोटिफ बनाते हैं।

सुंदरजा आम और मुरैना गजक को दिनांक 31 जनवरी 2023 को जीआई प्रमाणपत्र जारी किया गया है। शरबती गेंहू और गोंड पेंटिंग के जीआई प्रमाणपत्र दिनांक 22 फरवरी 2023 को जारी किया गये हैं। डिंडोरी की लोहशिल्प, उज्जैन के बटिक प्रिंट्स, ग्वालियर के हस्तनिर्मित कालीन, वारासिवनी की हैंडलूम साड़ी और जबलपुर के पत्थर शिल्प के प्रमाणपत्र दिनांक 31 मार्च 2023 को जारी किए गए हैं। (आरएनएस)

# मर्तोलिया ने पुलिस महानिदेशक को ईमेल भेजकर लचर कानून व्यवस्था का मामला उठाया

कार्यालय संवाददाता



मुनस्यारी। क्षेत्र में संगीन अपराधों की बढ़ोतरी को रोकने में नाकाम पुलिस प्रशासन के खिलाफ पंचायत प्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है। साथ ही उन्होंने समाज को आइना दिखाने का प्रयास भी किया। कहा कि हर अपराध की जननी नशा है, जिसे रोकने के पुलिस के साथ समाज को भी आगे आना होगा।

शांतिप्रिय इस क्षेत्र में लगातार अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है। इसे रोकने में पुलिस अभी तक नाकाम सिद्ध हुई है। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने आज पुलिस महानिदेशक को ईमेल से पत्र भेजकर लचर कानून व्यवस्था का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यहां थाने में सृजित पदों के सापेक्ष पुलिस कर्मियों तथा अधिकारियों की तैनाती नहीं हुई है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी इस थाने में महिला पुलिस उप निरीक्षक की तैनाती नहीं की गई है। जिले के पुलिस अफसरों की उदासीनता के कारण यहां कभी भी इस थाने में पुलिस का स्टाफ पर्याप्त नहीं रहा। उन्होंने कहा कि हर साल नैनीताल तथा मसूरी की तर्ज पर पर्यटन पुलिस की मांग की जाती है, लेकिन वह पूरी नहीं हो पाई। उन्होंने कहा कि यहां चीता पुलिस के पास बाइक तक नहीं है। वाहन के नाम पर एक खटारा जींप है।

अपराधिक घटनाओं के लिए उपजे अबोध बच्चों के चाकू गैंग को कुछ नेताओं का वरदहस्त है, जो उन्हें पुलिस थाने से बचाते हुए छुड़ा कर लाती है। उन्होंने कहा कि पुलिस को इस तरह के नेताओं के नाम सार्वजनिक कर बताना चाहिए कि अपराध का संरक्षण कौन कर रहा है। उन्होंने कहा कि चाकू गैंग के बच्चों को चिन्हित कर उनका गोपनीयता के साथ काउंसिलिंग कर उन्हें सभ्यता के मार्ग पर पुलिस द्वारा ले जाना चाहिए।

जिपंस जगत मर्तोलिया ने कहा कि क्षेत्र में शराब, चरस सहित अन्य नशों का बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं साहित्यिक समाज को सभी प्रकार के आयोजनों को नशामुक्त रखने के लिए आगे आना पड़ेगा। उन्होंने कहा अवैध रूप से चल रहे पुल हाऊसो को तत्काल प्रभाव से बंद करना चाहिए। इन जगहों पर बच्चों को नशा के आदी तथा आपराधिक बनाने की कथित पाठशाला जैसी उन्होंने कहा कि 72 घंटों के भीतर पुलिस ने शराब सहित समस्त नशें पर प्रहार नहीं किया तो उन्हें पुलिस के खिलाफ आंदोलन का बिगुल बजाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस को किसी के भी दबाव में कार्य नहीं करना चाहिए। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रयास तेज करना चाहिए।

# गुरुद्वारा गुरु संगत धामावाला में 42 प्राणियों ने किया अमृतपान

देहरादून (सं)। गुरूद्वारा गुरू संगत धामावाला में वैसाखी पर्व श्रद्धा व उत्साह पूर्वक मनाते हुए 42 प्राणियों ने अमृतपान किया। आज यहां गुरुद्वारा गुरु संगत धामावाला में वैसाखी पर्व खालसा सजना दिवस बड़ी श्रद्धा तथा उत्साह से मनाया गया। इस कार्यक्रम में रागी जत्थे तथा परचारको ने कथा वा कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया। इस पर्व पर गुरुद्वारा साहिब में अमृत संचार भी किया गया जिस में 42 प्राणियों ने अमृत पान किया तथा गुरु वाले बने। इस कार्यकर्म में गुरुद्वारे के प्रधान मनमोहन सिंह बेदी , महा सचिव सतना सिंह, खजांची जसपाल सिंह चोपड़ा, सुरिंदर सिंह ओबेरॉय, प्रेम सिंह , सतीश कुमार, हरीश सचदेवा, गुरचरण सिंह, भजन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# खाद्य संरक्षा एंव औषधि प्रशासन की टीम ने चलाया हरिद्वार में सैम्पलिंग अभियान

हमारे संवाददाता

देहरादून। आयुक्त खाद्य संरक्षा एंव औषधि प्रशासन डा. आर. राजेश कुमार के आदेश के अनुपालन में प्रदेश में वृहद स्तर पर सैम्पलिंग/निरीक्षण कार्ययोजना के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त मुख्यालय खाद्य संरक्षा एंव उपायुक्त खाद्य संरक्षा गढ़वाल मण्डल के नेतृत्व में यह अभियान हरिद्वार के बहादराबाद, रूड़की व भगवानपुर क्षेत्र में चलाया गया। जिसमें दो दर्जन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सैम्पलिंग की गयी है।

सैम्पलिंग/निरीक्षण की इस कार्यवाही के दौरान टीमें द्वारा रूड़की स्थित रामनगर चौक के एक प्रतिष्ठित डेयरी से पनीर तथा मख्खन का नमूना संदेह के आधार पर लिया गया। इसके पश्चात टीम द्वारा एक सूचना के आधार पर मुजफ्फरनगर से आढ़त बाजार रूड़की में एक वाहन से लाया जा रहा मावा का नमूना लिया गया। साथ ही टीम द्वारा रामपुर चुंगी स्थित डेयरी से भी घी का नमूना लिया गया। जिसके बाद टीम द्वारा रामनगर चौक स्थित होटलों का निरीक्षण किया गया साथ ही किचन में अस्वस्थाकार दशा में रखे 10 किलो पनीर को नष्ट कराया गया। टीम द्वारा खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत सुधार सूचना नोटिस जारी किया गये और संदेह के आधार पर नमूने एकत्र कर उन्हे सैम्पलिंग के लिए भेज दिया गया है। अभियान के दौरान रूड़की क्षेत्र में विभिन्न खाद्य सामग्री के 6 नमूने तथा जनपद हरिद्वार में 22 नमूने लिये गये है। मिलावट की पुष्टी होने पर सम्बन्धित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जांच कर रही टीम के सदस्यों में जी.सी.कण्डवाल, आर.एस.पाल, संदीप मिश्रा, संतोष कुमार, कपिल देव, जगदीश रतूड़ी व योगेन्द्र नेगी शामिल रहे।

# मिलेट क्रांति साइकिल रैली को जोशी ने मशाल जलाकर रवाना किया

संवाददाता

देहरादून। बैशाखी के पावन पर्व पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्री अन्न के सपने को साकार करने के लिए देहरादून सीएम आवास से मंत्री गणेश जोशी ने देश की प्रथम एवम् सर्वाधिक लंबी मिलेट क्रांति साइकिल रैली का मशाल जलाकर रैली को रवाना किया।

आज यहां प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी सुबह नथुली महिला सशक्तिकरण संस्था, उत्तराखंड बाल कल्याण परिषद एवं हार्दिक फिल्म्स के सहयोग से बैशाखी के पावन पर्व पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्री अन्न के सपने को साकार करने के लिए देहरादून सीएम आवास से मंत्री गणेश जोशी ने देश की प्रथम एवम् सर्वाधिक लंबी मिलेट क्रांति साइकिल रैली का मशाल जलाकर रैली को रवाना किया। ज्ञात हो कि यह रैली 300किमी की देहरादून से चमोली जिले के दूरस्थ गांव मुदोली तक 3 दिवसीय यात्रा करेगी। इस रैली के मुख्य उद्देश्यों में पहाड़ से होते बेतहाशा पलायन, मोटे अनाजों के प्रति पहाड़वासियों की उदासीनता को दूर करना, मोटा अनाज गरीबों का भोजन है इस भ्रम को तोड़ना, मोटे अनाजों की पोस्टिकता का महत्व बतलाना तथा बाजारीकरण के इस दौर में मोटे अनाजों की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग, पहाड़ के नौजवानों को मोटे अनाजों की खेती कर इसके व्यवसायिक फायदे बतलाना मुख्य है। रैली में देशभर से आए साइक्लिस्ट में नौजवान से लेकर 72 वर्षीय साइक्लिस्ट भी काफी उत्साह में नजर आए। दूनवासियों ने रैली का पुष्प वर्षा करके रैली को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा आज मोदी के प्रयासों के बाद ही संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया। आज पूरे विश्व में मोटे अनाजों को लेकर एक नई अलख जगी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरगामी सोच को परिलक्षित करते हुए भारत में श्री अन्न को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। प्रदेश में मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में दो बार मिलेट भोज का आयोजन किया जा चुका है। विभिन्न सम्मेलनों और सेमिनारों का आयोजन कर मिलेट्स का प्रचार-प्रसार एवं कृषकों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार ने मिलेट्स के तहत मंडुवे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 35.78 रूपये तय किया है और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन कार्ड धारकों को भी वितरित किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि मई माह में देहरादून एवं हल्द्वानी में मिलेट्स को बढ़ावा देने के बड़े आयोजन किये जायेंगे। 2025 तक मिलेट उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा इस रैली के माध्यम से लोगो को मिलट उत्पादन और उसके सेवन के लिए जागृत किया जाएगा। मंत्री गणेश जोशी ने कहा मिलेट स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक होता है,उन्होंने कहा जो मंडवा खाता है उसे शुगर नहीं होता है इसी प्रकार जो चौलाई का सेवन करता है उसे कभी घुटनों पर दर्द नही होगा। उन्होंने कहा मिलेट के सेवन स्वास्थ की दृष्टि से कई लाभकारी है। मंत्री जोशी ने आयोजकों को इस पहल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस इस पर नथुली महिला सशक्तिकरण संस्था की कोर कमेटी से संस्थापिका सुमन नैनवाल, आर्किटेक देवेश नैनवाल, पुष्पा मानस, मधुबेरी, आशा श्रीवास्तव,भूपेश जोशी माउंटेनियर कलम सिंह बिष्ट एवं राजबीर सिंह कंडारी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सीएम रावत ने किया बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा आज लक्सर क्षेत्र के निरंजनपुर गांव पहुंच कर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया गया।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने सबके लिए कुछ न कुछ किया है। उन्होंने कहा यह जो डबल इंजन की सरकार है यह संविधान खत्म करना चाहती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आने वाले चुनाव में एकजुट होकर कांग्रेस को वोट दें। उन्होंने कहा कि यह लोग केवल आपस में एक दूसरे को लड़ाना जानते हैं। विकास के नाम पर यह कोई बात नहीं करते। उन्होंने कहा अगर इस बार भी चुनाव में कुछ गलती कर दी तो यह सरकार संविधान भी बदल देगी। हरिद्वार ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजीव चौधरी ने कहा कि इस बार कांग्रेस की आंधी चल रही है और सभी को एकजुट होकर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होने कहा कि हम अपने आप को गौरव महसूस कर रहे हैं क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने हमारे गांव में आकर संविधान निर्माता डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया है। कार्यक्रम में राजीव चौधरी जिला अध्यक्ष हरिद्वार ग्रामीण, संजय सैनी एडवोकेट, अरुण चौधरी नगर अध्यक्ष लक्सर, अनुज अग्रवाल, प्रधान बालेश्वर सिंह, वीर सिंह प्रमुख, धर्मपाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, डॉ उमा शर्मा, राजाराम सैनी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# स्कूल संचालक के घर डकैती...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

मोटरसाइकिल में सवार चार लोग घटनास्थल पहुंचे थे उनके द्वारा शातिराना अंदाज में गाड़ियां दूर खड़ी कर घटना को अंजाम दिया गया, इसके अतिरिक्त एक बदमाश निगरानी हेतु घर के पास ही रुक गया। सीसीटीवी फुटेजों के अवलोकन से पुलिस को कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के फोटोग्राफ प्राप्त हुए। पुलिस को गोपनीय जानकारी से उक्त घटना में मुजफ्फरनगर के ग्राम पचेन्डाकला के बदमाशों के शामिल होने के गहन साक्ष्य मिले। जिस पर पुलिस टीम द्वारा गत दिवस घटना में संलिप्त 05 बदमाशों में से 04 को विपिन, सचिन, विकास व अंकित को ग्राम पचेन्डाकला मुजफ्फरनगर तथा 01 अन्य विकास जयसवाल को आईडीपीएल ऋषिकेश से गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से लूट का समस्त सामान बरामद किया गया। पूछताछ में विपिन द्वारा बताया गया कि वह देहरादून में अपने चचेरे भाई गुड्डू के पास अक्सर आता जाता रहता था, जो सेंट एनी मे स्कूल में काम करता है जो संदीप अग्रवाल का है। अपने चचेरे भाई से उसने बातों-बातों में उसके मालिक के घर के बारे में काफी जानकारी जुटायी थी क्योकि संदीप अग्रवाल एक नामी स्कूल चलाता है तथा वर्तमान में एडमिशन सीजन होने के कारण मुझे उसके घर पर लगभग 40 से 50 लाख रूपये तक मिलने की उम्मीद थी, इसलिये उसने उसके घर में डकैती डालने का प्लान बनाया था। इस प्लान को उसने अपने अन्य साथियों सचिन, अंकित तथा विकास को भी शामिल किया था। फिर हमने करीब 10 दिन पहले आकर घर की रेकी की थी।

ऋषिकेश में उनके गावं के रहने वाले विकास जयसवाल के पास गये, जो पहले दिल्ली रहता था और वर्तमान में ऋषिकेश क्षेत्र में किराये पर रहकर एक होटल चलाता है। विकास जयसवाल को उन्होंने अपनी योजना के बारे में बताया तो वो भी उनकी इस योजना में शामिल हो गया। 11 अप्रैल को सुबह वह सब लोग प्लान के मुताबिक एक्टिवा व अपाचे बाइक में सीधे देहरादून नेहरु कॉलोनी ठप वाली गली में स्थित उक्त घर में पहुंचे जिसकी उनके द्वारा पहले ही जानकारी जुटा ली गयी थी। उन्होंने बाइक को घर से थोडी दूर एक पार्क के पास खड़ा किया व एक्टिवा सीधे घर के पास ले गए। विकास घर के बाहर रहा और वह चारों लोग घर में घुस गए व वहां मौजूद 2 महिलाओं ,एक बुजुर्ग को उनके पास मौजूद तमंचे व चाकू से डराते हुए उन्हें बंधक बनाकर उनसे उनके पहने हुये जेवरात अंगूठी, कड़े व कान के टॉप्स तथा लगभग 6-7 हजार रूपये नगदी ले ली। हम घर पर अलमारी आदि चेक कर पाते इससे पहले ही उपरी मंजिल से एक महिला चिल्लाने लगी तो हम लोग डर कर वहां से भाग निकले। वह जेवरात बेचने की फिराक में थे उससे पहले ही पुलिस ने पकड लिया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## एक नजर

# गोवा पुलिस ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भेजा समन

पणजी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गोवा पुलिस ने समन भेज कर पेश होने को कहा है। जानकारी के अनुसार गोवा पुलिस ने 2022 के विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध रूप से पोस्टर चिपकाने के एक मामले में यह नोटिस जारी किया है। गोवा पुलिस की ओर से गुरुवार को जारी की गई नोटिस में केजरीवाल से 27 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा गया है।

गोवा के पेरनेम पुलिस थाने के निरीक्षक दिलीप कुमार हलर्नकर ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41 (ए) के तहत आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41 (ए) के तहत पुलिस किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुला सकती है यदि उचित शिकायत या संदेह है कि उसने अपराध किया है। केजरीवाल को जारी किए गए नोटिस में गोवा पुलिस ने कहा, संपत्ति के विरूपण के एक मामले की जांच के दौरान, यह पता चला है कि मौजूदा जांच के संबंध में आपसे तथ्यों और परिस्थितियों की जानकारी लेने के लिए आपसे पूछताछ करने के उचित आधार हैं।

नोटिस के मुताबिक केजरीवाल को 27 अप्रैल को दिन में 11 बजे पेरनेम थाने में पेश होने के लिए कहा गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पेरनेम पुलिस विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर कथित रूप से चुनावी पोस्टर चिपकाने के लिए गोवा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले की जांच कर रही है। बता दें कि कि आम आदमी पार्टी ने भाजपा शासित राज्य में 2022 के चुनावों में दो सीटों पर जीत हासिल की थी।

# करंट लगने से दो लोगों की मौत, 4 घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर जिले में गुरुवार को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती के मौके पर रैली के बाद घर लौट रहे कई लोग करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि 4 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी है।

पुलिस ने बताया कि यह घटना विरार इलाके में हुई है। विरार में बौधजन पंचायत समिति द्वारा डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रात 9 बजे शुरू हुई और 10:30 बजे समाप्त हुई। कार्यकर्ता कारगिल चौक से जुलूस खत्म कर घर लौट रहे थे। उस समय ट्रॉली पर 6 लोग खड़े थे, तभी गाड़ी पर लगी लोहे की रॉड पास में मौजूद बिजली के ट्रांसफर टकरा गई, जिसकी वजह से पूरे ट्रॉली में बिलजी का करंट दौड़ गया। वाहन में सवार 6 लोगों को करंट लगा। इनमें 30 वर्षीय रूपेश सुर्वे और 23 वर्षीय सुमित सूत नाम के दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 4 लोग घायल हो गए, जिसमें 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# डेयरी फार्म में विस्फोट के बाद 18000 से अधिक गायों की मौत

टेक्सास। अमेरिका के टेक्सास में एक विस्फोट के बाद 18,000 से अधिक गायों की मौत हो गई। मंगलवार को एक पारिवारिक डेयरी फार्म साउथफॉर्क डेयरी फार्म में आग लग गई। रॉयटर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह घटना अमेरिका में इतिहास में खलिहान में लगी अब तक की सबसे घातक आग है। आग लगने का कारणों का अभी भी पता नहीं चला है और खेत के मालिक परिवार ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

कास्त्रो काउंटी शेरिफ कार्यालय द्वारा साझा की गई तस्वीरों में आग की लपटें एक इमारत से होते हुए फैलती दिखाई दे रही हैं। शेरिफ के कार्यालय ने आगे कहा कि दमकलकर्मियों ने एक व्यक्ति को बचाया जो जलती हुई इमारत के अंदर फंसा हुआ था। बड़े पैमाने पर आग ने एनिमल वेलफेयर इंस्टीट्यूट की उस मांग को और तेज कर दिया है जो बसे पुराने अमेरिकी पशु संरक्षण समूहों में से एक है। इसने खलिहान की आग को रोकने के लिए संघीय कानूनों की मांग की है, जो हर साल सैकड़ों हजारों खेत जानवरों को मार देता है।

रॉयटर्स ने एनिमल वेलफेयर इंस्टीट्यूट के हवाले से कहा कि केवल कुछ अमेरिकी राज्यों ने ऐसी इमारतों के लिए अग्नि सुरक्षा कोड अपनाए हैं और जानवरों को ऐसी आग से बचाने के लिए कोई संघीय नियम नहीं हैं। 2013 में एडब्लूआई द्वारा इस तरह की घटनाओं पर नजर रखना शुरू करने के बाद से टेक्सास के खेत में लगी आग मवेशियों से जुड़ी सबसे विनाशकारी आग है। पिछले दशक में इस तरह की आग में लगभग 6.5 मिलियन पशु मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश मुर्गे हैं।

# दबे पांव आ रहा है कोरोना, लोगों को डरा रहा है कोरोना

विशेष संवाददाता

देहरादून। भले ही स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा अब कोरोना की नई लहर आने की संभावनाओं से साफ इन्कार किया जा रहा हो और नए कोरोना वैरीयंट को अधिक घातक न बताया जा रहा हो लेकिन उत्तराखंड में लगातार बढ़ रहे कोरोना केस और अस्पतालों में कोरोना लक्षण वाले मरीजों की बड़ी संख्या में पहुंचने से यह खतरा मंडराता दिख रहा है कि कोरोना एक बार फिर दबे पांव आ रहा है। बुखार-खासी और गले में खराश तथा बदन दर्द से पीड़ित मरीजों में इस बात को लेकर साफ भय देखा जा रहा है कि उन्हें कहीं कोरोना तो नहीं है।



**●जांच के नाम पर स्वास्थ्य विभाग कर रहा है खानापूर्ति**
**●लगातार बढ़ रहे हैं मरीज, मौतों का सिलसिला जारी**
**●कोरोना लक्षण वाले मरीजों की अस्पतालों में भीड़**
**●चार धाम यात्रा को लेकर बढ़ती जा रही है चिंता**

बीते कुछ दिनों से राज्य में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार 100 से अधिक आ रही है। खास बात यह है कि देहरादून में हर रोज 50 के आस-पास नए केस मिल रहे हैं। बीते 3 दिनों की बात की जाए तो साढ़े तीन सौ से अधिक नए केस आए हैं तथा एक की मौत हुई है। राज्य में सक्रिय मरीजों की जो संख्या 100 से नीचे थी वह 300 के पार होने वाली है इस साल 7 लोगों की मौत की पुष्टि की जा चुकी है। अभी केंद्र सरकार द्वारा बढ़ते खतरे के मद्देनजर सभी राज्यों में स्वास्थ्य विभाग ने मॉक ड्रिल के जरिए अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को जांचा परखा था। भले ही स्वास्थ्य महकमे के अधिकारी कुछ भी दावा करें लेकिन राज्य में जांच का दायरा अत्यंत ही सीमित है। एक दिन में एक हजार से भी कम जांच कराने को लेकर स्वास्थ्य विभाग सवालों के घेरे में है। अगर जांच का दायरा बढ़ाया जाए तो बड़ी संख्या में कोरोना मरीज सामने आ सकते हैं। तब क्या स्वास्थ्य विभाग द्वारा ही जानबूझकर जांच का दायरा नहीं बढ़ाया जा रहा है?

राज्य में 22 अप्रैल यानी एक सप्ताह बाद चार धाम यात्रा शुरू होने वाली है अगर राज्य में इसी तरह से कोरोना के मामले बढ़ते रहे तो स्थिति बिगड़ सकती है। उधर नेपाल-भारत सीमा पर पिथौरागढ़ क्षेत्र के दर्जनों पुलों पर जांच शुरू करने की बात कही जा रही है। यही नहीं राजधानी दून के तमाम अस्पतालों में हजारों की संख्या में कोरोना के लक्षणों वाले मरीज पहुंच रहे हैं जबकि जांच हर रोज 8 सौ 9 सौ ही पूरे राज्य में हो रही है। जिसमें कोरोना की दर 10 फीसदी के पार पहुंच चुकी है।

# पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया: 15 लडकों का चालान, चार शांतिभंग में गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने देर रात्रि क्लेमनटाउन क्षेत्र में सघन चैकिंग अभियान चलाकर 15 लडकों का पुलिस अधिनियम में चालान कर चार को शांतिभंग में गिरफ्तार किया।

गत देर रात्रि पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर के निर्देशानुसार गत रात्रि को क्षेत्राधिकारी सदर पंकज गैरोला के नेतृत्व में थाना क्लेमेंट टाउन क्षेत्रान्तर्गत प्रभारी निरीक्षक पटेल नगर, थानाध्यक्ष क्लेमेंट टाउन, चौकी प्रभारी आईएसबीटी ,एवं चौकी प्रभारी बाईपास द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना क्लेमेंनटाउन क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान सभी होटल, ढाबा, कैफे एवं दुकानदारों को अवगत कराया गया कि सभी लोग रात्रि दस बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद कर ले तथा किसी भी प्रतिष्ठान में अनावश्यक रूप से भीड़ ना लगे एवं रात्रि में अनावश्यक रूप से घूमने वाले सभी लोगों से पूछताछ की गई तथा हिदायत दी गई कि भविष्य में देर रात्रि में अनावश्यक रूप से घूमते ना मिले तो आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

चेकिंग के दौरान एक कार, एक बुलेट मोटरसाइकिल तथा दो स्कूटी सीज की गई तथा लगभग 70 लड़कों से पूछताछ की गई, जिसमें से 15 लड़कों का 81 पुलिस अधिनियम में चालान किया गया तथा 4 लड़कों को अंतर्गत धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार किया गया। आगे भी इसी प्रकार चेकिंग अभियान जारी रहेगा तथा रात्रि में बिना वजह घूमने वाले कॉलेज के छात्रों के संबंध में संबंधित कॉलेज में भी रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी।

# हुडदंग मचा रहे पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी के पांच छात्र शांतिभंग में गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने रात्रि में हुडदंग मचा रहे पैट्रोलियम यूनिवर्सिटी के पांच छात्रों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुड़दंग मचाकर कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही के दिए गए आदेश के अनुपालन मे चौकी बिधौली क्षेत्र अंतर्गत सुशील के फ्लैट कंडोली से उत्तरांचल पैट्रोलियम यूनिवर्सिटी के छात्र अक्षय कुमार पुत्र अश्विनी कुमार निवासी प्रीतमपुरा थाना सीपी ब्लॉक दिल्ली, प्रखर यादव पुत्र रामवीर यादव निवासी महानगर बरेली, शिवांग राणा उत्तर कृष्ण सिंह निवासी ग्राम रणखंडी थाना देवबंद जिला सहारनपुर, अमित यागी पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम पंचायत थाना देवबंद जिला सहारनपुर, लक्ष्य चौधरी पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी मालवीय नगर जयपुर राजस्थान को शांतिभंग में गिरफ्तार कर न्यायालय पर पेश किया जा रहा है।

# 22 मई को मद्महेश्वर मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जायेंगे

संवाददाता

रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ मन्दिर के कार्याधिकारी आर सी तिवारी ने बताया कि मद्महेश्वर मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ 22 मई को खोले जायेंगे।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए श्री केदारनाथ मन्दिर के कार्याधिकारी आर सी तिवारी ने बताया कि द्वितीय केदार भगवान श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ 22 मई, 2023 को खोल दिए जाएंगे। वैशाखी के पर्व पर पूर्व परंपरानुसार पंचकेदार गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष, पुजारी, आचार्यों व स्थानीय हक-हकूक धारियों की उपस्थिति में कपाट खोलने की तिथि निश्चित की गई। उन्होंने बताया कि श्री मद्महेश्वर भगवान की उत्सव डोली 18 मई, 2023 को श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ सभा मंडप से बाहर आएगी। उन्होंने बताया कि 19 मई को उत्सव डोली ओंकारेश्वर मंदिर में अवस्थान करेगी। इसके पश्चात् 20 मई को भगवान श्री मद्महेश्वर की डोली रात्रि विश्राम हेतु राकेश्वरी मंदिर रांसी में तथा 21 मई को गौंडार पहुंचेगी। अगले दिन 22 मई, 2023 को गौंडार से प्रात: मद्महेश्वर हेतु प्रस्थान करेगी तथा कर्क लग्न में भगवान श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट आम दर्शनार्थियों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, *एडवोकेट*
बैजनाथ, *एडवोकेट*
कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*